ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 05 मई 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 30


# मेडिकल हब बनने की ओर बढ़ रहा उदयपुरः MB अस्पताल में शुरू हुई अत्याधुनिक कैथ लैब और प्रदेश का पहला जन आरोग्य लीवर क्लिनिक






24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर अब तेजी से मेडिकल हब के रूप में उभर रहा है। महाराणा भूपाल चिकित्सालय में मंगलवार को अत्याधुनिक कार्डियक कैथ लैब और प्रदेश के पहले जन आरोग्य लीवर क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। इन सुविधाओं से उदयपुर संभाग सहित पड़ोसी राज्यों से आने वाले मरीजों को भी आधुनिक इलाज का लाभ मिल सकेगा।

इन सुविधाओं का लोकार्पण गुलाबचंद कटारिया ने किया। इस दौरान ताराचंद जैन, फूल सिंह मीणा, गौरव अग्रवाल, डॉ. राहुल जैन, डॉ. विपिन माथुर, डॉ. आर.एल. सुमन, डॉ. मुकेश शर्मा, अनुपम निधि, राजीव पीट्टी और मुबारिक खान सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रदेश का पहला जन आरोग्य लीवर क्लिनिक शुरू

कटारिया डबोक एयरपोर्ट से सीधे सुपर स्पेशियलिटी विंग पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के पहले जन आरोग्य लीवर क्लिनिक का उद्घाटन किया। यह क्लिनिक राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम और गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित होगा। यहां पात्र मरीजों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### 15 करोड़ की लागत से तैयार हुई कैथ लैब

इसके बाद हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से कार्डियक विंग में करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित नई कैथ लैब का लोकार्पण किया गया। यह परियोजना हिन्दुस्तान जिंक और आरएनटी मेडिकल कॉलेज के बीच हुए एमओयू का हिस्सा है, जिसके तहत अस्पताल को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### आधुनिक तकनीक से होगा हार्ट का इलाज

नई कैथ लैब आधुनिक इमेज-गाइडेड तकनीक से लैस है। यहां कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और स्टेंट डालने जैसी जटिल प्रक्रियाएं आसानी से की जा सकेंगी। आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत उपचार मिल सकेगा, जिससे गंभीर मरीजों की जान बचाने की संभावना बढ़ जाएगी।

### "आमजन को मिलेगा आधुनिक इलाज"

मीडिया से बातचीत में गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि एमबी अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार में हिन्दुस्तान जिंक हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार, डीएमएफटी फंड, दानदाताओं और कॉर्पोरेट सहयोग से अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ आमजन को मिलेगा।

MB अस्पताल को बनाया जाएगा विश्वस्तरीय संस्थान कार्यक्रम के बाद एमबी अस्पताल और आरएनटी मेडिकल कॉलेज के विकास को लेकर उच्चस्तरीय बैठक भी आयोजित हुई। बैठक में डॉ. नरेंद्र राठौड़ ने वर्तमान सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। आरएनटी प्रिंसिपल डॉ. राहुल जैन ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में प्रतिदिन 8 हजार से 12 हजार मरीज इलाज के लिए आते हैं और यहां 3200 स्वीकृत बेड हैं। अगले 10 से 15 वर्षों में यह संख्या बढ़कर 25 हजार से 30 हजार मरीज प्रतिदिन तक पहुंच सकती है।

इसी को देखते हुए वेदांता हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से अस्पताल को आधुनिक रूप देने की योजना बनाई जा रही है। इसके तहत 8 से 10 मंजिला अत्याधुनिक मेडिकल टावर बनाए जाएंगे, जिनकी छत पर हेलीपैड भी होगा। साथ ही बेड क्षमता बढ़ाकर 4000 करने की योजना है।

### ग्लोबल कंपनियां करेंगी डिजाइन

वेदांता की सीएसआर हेड अनुपम निधि ने बताया कि इस परियोजना के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किए गए थे, जिनमें विश्वस्तरीय आठ कंपनियों ने भाग लिया। इनमें से तीन कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिन्हें अमेरिका सहित कई देशों में बड़े मेडिकल संस्थान विकसित करने का अनुभव है।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का उदयपुर दौराः बजट घोषणाओं, सड़क निर्माण और पर्यटन योजनाओं की समीक्षा




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। दिया कुमारी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर उदयपुर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित उदयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (यूसीसीआई) मीटिंग हॉल में सार्वजनिक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने विभिन्न बजट घोषणाओं, सड़क निर्माण कार्यों, पर्यटन विकास योजनाओं और आंगनबाड़ी परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सड़क निर्माण कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी

सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान दिया कुमारी ने उदयपुर संभाग की कई परियोजनाओं में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अत्यधिक जरूरी सड़कों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। बैठक में अटल प्रगति पथ, मिसिंग लिंक और नॉन-पेचेबल सड़कों सहित विभिन्न योजनाओं की स्थिति पर चर्चा हुई। साथ ही अलग-अलग पीडब्ल्यूडी सर्कल और राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों में चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति और क्षतिग्रस्त मार्गों को लेकर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया।

### आंगनबाड़ी और पोषण योजनाओं पर फोकस

उपमुख्यमंत्री ने समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के तहत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान पोषण ट्रैकर, एफआरएस, आंगनबाड़ी केंद्रों के नवीनीकरण और नए केंद्रों की स्थापना की प्रगति पर चर्चा की गई। दिया कुमारी ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास और न्यूट्री किट वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि महिलाओं और बच्चों को बेहतर पोषण सुविधाएं मिल सकें।

### पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा

पर्यटन विभाग की बैठक में महाराणा प्रताप टूरिज्म सर्किट सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसी भी ऐतिहासिक या धरोहर स्थल के विकास और पुनर्निर्माण कार्य में संरक्षण विशेषज्ञों की राय अवश्य ली जाए। उन्होंने जावर माता को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के कार्यों की भी समीक्षा की और पर्यटकों की सुविधा के लिए चयनित स्थलों पर क्यूआर कोड के माध्यम से ऐतिहासिक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### तय समय में पूरे हों कार्य

दिया कुमारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों में तेजी लाकर उन्हें तय समयसीमा में पूरा किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में महिमा कुमारी मेवाड़, विश्वराज सिंह मेवाड़, फूलसिंह मीणा, प्रताप गमेती, जितेंद्र ओझा सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग, आईसीडीएस, महिला अधिकारिता और पर्यटन विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आग के गोले में बदला टैंकर, 5 दमकलों ने दो घंटे बाद पाया काबू



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद। राजसमंद जिले के छापली घाट में मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। उदयपुर-अजमेर फोरलेन हाईवे पर केमिकल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके बाद उसमें भीषण आग लग गई। देखते ही देखते टैंकर आग के गोले में तब्दील हो गया और हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार हादसा दोपहर करीब पौने दो बजे हुआ। टैंकर उदयपुर से अजमेर की ओर जा रहा था। छापली घाट क्षेत्र में अचानक संतुलन बिगड़ने से टैंकर पलट गया और उसमें आग भड़क उठी। आग की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत फोरलेन हाईवे पर यातायात रोक दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाया। सूचना मिलते ही राजस्थान पुलिस की दिवेर थाना टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। इसके बाद आमेट, राजसमंद और देवगढ़ से पांच फायर ब्रिगेड मौके पर भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे तक लगातार मशक्कत कर आग पर काबू पाया। फिलहाल टैंकर में लगी आग पूरी तरह बुझा दी गई है, लेकिन चालक और खलासी की स्थिति को लेकर देर शाम तक स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी। प्रशासन का कहना है कि टैंकर को हटाने के बाद ही जनहानि या अन्य नुकसान की स्थिति साफ हो पाएगी।

# यात्री के बैग में रखा पावर बैंक फटा, धुएं से घबराए लोग; इमरजेंसी स्लाइड से निकाले गए यात्री



24 न्यूज अपडेट

चंडीगढ़। इंडिगो की हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही फ्लाइट 6E-108 में मंगलवार को बड़ा हादसा टल गया। विमान में एक यात्री के बैग में रखा पावर बैंक अचानक फट गया, जिससे फ्लाइट के अंदर धुआं फैल गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना में पांच यात्रियों के घायल होने की सूचना है।

जानकारी के अनुसार फ्लाइट चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कर चुकी थी और पार्किंग बे की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान सीट 39C पर बैठे यात्री ने क्रू मेंबर्स को अपने बैग में रखे पावर बैंक में आग लगने की जानकारी दी। देखते ही देखते केबिन में धुआं भरने लगा।

इमरजेंसी गेट खोलकर बाहर निकाले यात्री

स्थिति गंभीर होते देख क्रू ने तुरंत इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू किया। विमान के इमरजेंसी एग्जिट खोले गए और यात्रियों को एयर स्लाइड्स के जरिए बाहर निकाला गया। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ और सुरक्षा टीमों ने यात्रियों को सुरक्षित टर्मिनल तक पहुंचाया। सूत्रों के मुताबिक फ्लाइट में 198 यात्री, दो बच्चे और छह क्रू मेंबर सवार थे।

फायर सेफ्टी सिस्टम से पाया काबू कैबिन क्रू ने फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर तुरंत काबू पा लिया। कुछ देर बाद एयरफोर्स की फायर टेंडर टीम भी मौके पर पहुंच गई, हालांकि तब तक स्थिति नियंत्रण में आ चुकी थी। यात्रियों को निकालने के दौरान सीट 25F पर बैठी एक महिला यात्री ऋचा के टखने में हल्की चोट आई, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े फोटो और वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें यात्रियों को स्लाइड से बाहर निकलते देखा जा सकता है।

### जांच में जुटीं एजेंसियां

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पावर बैंक में ब्लास्ट कैसे हुआ। DGCA, एयरपोर्ट अथॉरिटी और सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं।

### फ्लाइट में पावर बैंक को लेकर सख्त नियम

डीजीसीए ने जनवरी 2026 से उड़ानों के दौरान पावर बैंक से मोबाइल या अन्य डिवाइस चार्ज करने पर रोक लगा रखी है। पावर बैंक केवल हैंड बैगेज में रखने की अनुमति है।

# खाउंगा, खाने भी दूंगा : PWD के XEN की कार से 4 लाख कैश बरामद, ACB की कार्रवाई से मचा हड़कंप



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के एक एक्सईएन की कार से 4 लाख रुपए नकद बरामद किए। कार्रवाई के बाद विभागीय हलकों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार एसीबी को बड़ी मात्रा में अवैध नकदी के परिवहन की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने कलेक्टर कार्यालय के पास घेराबंदी कर एक कार को रुकवाया। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 4 लाख रुपए कैश मिले। कार में शहजाद खान और उसका एक साथी सवार था। एसीबी ने दोनों को डिटेन कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### जहाजपुर स्थित मकान पर भी सर्च

कार्रवाई के बाद एसीबी की टीम ने जहाजपुर स्थित शहजाद खान के मकान पर भी तलाशी अभियान शुरू कर दिया। फिलहाल जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद नकदी किसकी है और इसे कहां ले जाया जा रहा था। मामले में पूछताछ और दस्तावेजों की जांच जारी है।

# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा बुधवार को उदयपुर आकर प्रतापगढ़ जाएंगे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 मई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा बुधवार को उदयपुर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीएम सायं 4:20 बजे वायुयान द्वारा डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे तत्काल ही बम्बोरी छोटी सादड़ी प्रतापगढ के लिए प्रस्थान करेंगे। सीएम श्री शर्मा गुरुवार को प्रातः 8:50 बजे बम्बोरी (प्रतापगढ़) से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचकर वायुयान द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**
desk24newsupdate@gmail.com
wathsapp : 8852073787

## कुएं में गिरने से 17 वर्षीय किशोरी की मौत, 10 मिनट में निकाला शव, मृतका की हुई पहचान

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे उमरड़ा चौकी क्षेत्र में रामा फास्फेट के सामने ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूर की पुत्री कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार किशोरी पानी भरने के लिए कुएं पर गई थी, तभी संतुलन बिगड़ने से वह पानी में गिर गई। घटना की सूचना चौकी इंचार्ज ASI पर्वत सिंह ने जिला कलेक्टर कार्यालय के नागरिक सुरक्षा विभाग को दी। सूचना मिलते ही उप नियंत्रक दीपेंद्र सिंह राठौड़ के निर्देश पर तत्काल रेस्क्यू टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया। टीम ने मौके पर पहुंचते ही तेजी से कार्रवाई करते हुए मात्र 10 मिनट में किशोरी का शव कुएं से बाहर निकाल लिया और पुलिस चौकी उमरड़ा को सुपुर्द कर दिया। रेस्क्यू टीम में गोताखोर विजय नकवाल, कैलाश मेनारिया, भवानी शंकर वाल्मीकि, दिनेश खटीक और वाहन चालक प्रकाश राठौड़ शामिल रहे। पूरे घटनाक्रम में विशेष रूप से विजय नकवाल की भूमिका अहम रही। मृतका की पहचान कैलासी बंजारा (17), पुत्री नगाराम, निवासी रेबारियों का गुड़ा (हाल मुकाम उमरड़ा) के रूप में हुई है।

## रेस्टोरेंट के बाहर बवालः बेसबॉल बैट से हमला, युवक ICU में भर्ती

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के सविना थाना क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट के बाहर हुए हिंसक हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल के ICU में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया प्रियंका राजावत (30), पुत्री बलवीर सिंह, निवासी न्यू विद्यानगर, हिरणमगरी सेक्टर-4 ने रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना 4 मई को एकलिंगपुरा मेन रोड स्थित गजकन रेस्टोरेंट के पास की बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपियों ने प्रार्थिया के भाई और उसके साथी पर बेसबॉल बैट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने धारा 109(1), 115(2), 126(2) और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी देवेन्द्र सिंह को बनाया गया है, जो मामले की जांच कर रहे हैं।

## तलवार लहराकर हमले का आरोप, नाबालिग घायल, गाड़ी में भी तोड़फोड़

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के सविना थाना क्षेत्र में हथियार के साथ हमले का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी प्रिन्स ओड (17), पुत्र कालू ओड, निवासी विजय सिंह पथिक नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 4 मई को वीआईपी कॉलोनी सविना क्षेत्र में भावेश, चिराग पियुडा, अर्जुन रंगास्वामी सहित अन्य युवक मौके पर आए। आरोप है कि भावेश के हाथ में तलवार थी, जिसे उसने घुमाया, जिससे प्रार्थी के दाहिने हाथ पर चोट लग गई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि आरोपियों ने उसकी गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जांच हैड कांस्टेबल बीनेश कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## कपड़े लेने निकली किशोरी लापता, नाई थाने में मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नाई थाना क्षेत्र में एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मादड़ी फला, सुखीथल निवासी बंशीलाल मीणा (36) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी पुत्री 30 अप्रैल को सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच कपड़े लेने के लिए झाड़ोल जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। इस पर परिजनों ने 4 मई को नाई थाने में शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच अधिकारी हरिराम को सौंपी गई है।

## युवक से मारपीट, सविना थाने में केस दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के सविना थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी अजय कुमार (27), पुत्र जयन्तिलाल, निवासी महुँवाड़ा (पो. करेव, थाना कल्याणपुर) हाल विजय सिंह पथिक नगर, सविना ने रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया कि 4 मई को बाँसवाड़ा ज्वैलर्स पर संजु ओड और उसके अन्य साथियों ने उसके साथ मारपीट की। मामले में पुलिस ने धारा 115(2), 126(2) और 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी हैड कांस्टेबल बीनेश कुमार को सौंपी गई है।


**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**

desk24newsupdate@gmail.com

wathsapp : 8852073787


# पंजाब के कुख्यात गैंगस्टर जीशान अख्तर के गुर्गे को एजीटीएफ ने बांदीकुई से दबोचा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 5 मई। राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने संगठित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब में रंगदारी और फायरिंग के मामले में फरार चल रहे एक गैंगस्टर को दौसा जिले के बांदीकुई से दस्तयाब किया है। आरोपी चन्द्रप्रकाश शर्मा उर्फ चन्दू शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा, बांदीकुई का रहने वाला है।

एजीटीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के निर्देश पर संगठित अपराधियों और फरार आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गठित विशेष टीम को सूचना मिली थी कि पंजाब के नकोदर सिटी में एक व्यापारी से रंगदारी मांगने और उसके कार्यालय पर फायरिंग की वारदात में शामिल आरोपी राजस्थान में छिपा हुआ है।

एडीजी श्री एमएन ने बताया कि पंजाब के नकोदर शहर में एक व्यापारी को गैंग द्वारा रंगदारी के लिए धमकाया गया था। जब व्यापारी ने बात नहीं मानी तो गैंग के सदस्यों ने उसके ऑफिस बक्शी ट्रेवल्स पर 18 जनवरी 2026 को फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की थी। इस मामले में पंजाब पुलिस ने गैंग के तीन अन्य सदस्यों दीपक, अंकित कुमार और हरिजंदर गुप्ता को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

3 फरवरी को नाकाबंदी के दौरान पंजाब पुलिस पर फायरिंग करने पर जवाबी कार्रवाई में अंकित कुमार और हरिजंदर घायल भी हुए थे। इस घटना के बाद चन्द्रप्रकाश फरार हो गया और लगातार ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बचता रहा। पूछताछ में सामने आया कि पंजाब से भागने के बाद यह जयपुर, दौसा के पारासर धाम, लालसोट व अन्य इलाकों में फरारी काट रहा था।

एजीटीएफ को पिछले करीब एक महीने से आरोपी की गतिविधियों और लोकेशन को लेकर लगातार इनपुट मिल रहे थे। टीम लगातार उसके ठिकानों और नेटवर्क की निगरानी कर रही थी। सूचना पुख्ता होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत शर्मा और पुलिस उपाधीक्षक श्री रविंद्र प्रताप सिंह के सुपरविजन में तथा पुलिस निरीक्षक श्री सुनील जांगिड़ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

एक महीने की निगरानी के बाद बिछाया जाल

एजीटीएफ टीम ने तकनीकी इनपुट और आसूचना के आधार पर जाल बिछा बांदीकुई में दबिश देकर आरोपी चंदू उर्फ चंद्र प्रकाश को पकड़ लिया। आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी कर पंजाब पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया, जहां उससे पूछताछ जारी है। आरोपी से पूछताछ में गैंग के नेटवर्क, रंगदारी व अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े अहम खुलासे होने की संभावना है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी चन्द्रप्रकाश उर्फ चंदू का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। जांच में यह भी पता चला कि वह हाल ही में पंजाब के गैंगस्टर जीशान अख्तर के गिरोह से जुड़ा था। जीशान अख्तर फिलहाल विदेश में रहकर गैंग ऑपरेट कर रहा है और भारत में अपने नेटवर्क के जरिए रंगदारी व अन्य आपराधिक गतिविधियों को संचालित कर रहा है।

इस कार्रवाई में एजीटीएफ टीम के प्लाटून कमांडर सोहन सिंह, हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, होशियार सिंह, प्रवीण कुमार, महावीर सिंह, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार के साथ जिला दौसा की डीएसटी टीम की विशेष भूमिका रही।

## अवैध शराब पर सख्ती-6 मई को वीसी में समीक्षा करेंगे आबकारी आयुक्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 5 मई। प्रदेश में चल रहे विशेष निरोधात्मक अभियान को लेकर आबकारी विभाग अलर्ट मोड में है। नमित मेहता की अध्यक्षता में 6 मई 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में 1 से 15 मई तक चल रहे अभियान के तहत अन्य राज्यों से शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर रोकथाम के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। वीसी में सभी जोन के अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, निरोधक दल के उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, सहायक आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक और संबंधित क्षेत्र के प्रहराधिकारी भाग लेंगे। इस संबंध में जानकारी अनिल कुमार शर्मा (प्रशासन) ने दी।

## अलीपुरा पुलिया के पास युवक पर चाकू से हमलाः 7-8 बदमाशों ने घेरकर की मारपीट

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में देर शाम एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। अलीपुरा क्षेत्र में 7-8 युवकों ने मिलकर पीड़ित को घेर लिया और चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गंगाराम भील (27), निवासी बिकरनी (थाना घासा) ने रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया कि 4 मई शाम करीब 4:30 बजे वह आलू फैक्ट्री से अलीपुरा की ओर आ रहा था। अलीपुरा कब्रिस्तान के पास पुलिया पर पहले से मौजूद 7-8 लोग शराब पी रहे थे। आरोप है कि उन्होंने गंगाराम को रोककर चारों तरफ से घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक ने चाकू निकालकर उसकी हथेली और जांघ पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। मामले में पुलिस ने धारा 126(2), 115(2) और 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी हैड कांस्टेबल कमलेन्द्र सिंह (नं. 565) को सौंपी गई है।

## मंदिर में चोरीः ताले तोड़कर माता जी के श्रृंगार सामान पर हाथ साफ

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुन्दा थाना क्षेत्र में मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर के ताले तोड़कर अंदर रखी सामग्री पार कर दी। पुलिस के अनुसार प्रार्थी देवी लाल पालीवाल निवासी जसवतगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 4 मई 2026 को सुबह करीब 7 बजे जब वह रोजाना की तरह माता जी की पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला कुंडी सहित टूटा हुआ था। मंदिर के अंदर बने चार अन्य कमरों के ताले भी टूटे मिले। अज्ञात चोर माता जी के श्रृंगार की सामग्री चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने धारा 305(डी) व 331(4) बीएनएस 2023 के तहत केस दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी उप निरीक्षक विनेश कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आसपास के क्षेत्र में जांच की जा रही है और चोरों की तलाश जारी है। मंदिर में चोरी की इस घटना से ग्रामीणों में रोष का माहौल है।

# उदयपुर में 'बाइक चोरों का आतंक': हर दिन उड़ रहीं गाड़ियां, पुलिस के हाथ खाली

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में इन दिनों बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हालात ऐसे हैं कि कभी रोज एक तो कभी दो से तीन मोटरसाइकिलें चोरी हो रही हैं। शहर में सक्रिय किसी संगठित गिरोह की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अब तक पुलिस इन वारदातों पर लगाम लगाने में नाकाम नजर आ रही है।

प्रतापनगरः घर के बाहर से बाइक पार प्रतापनगर थाना क्षेत्र में ए-ब्लॉक निवासी घनश्याम चिमनानी (65) की मोटरसाइकिल (RJ27 SM 3541) 2 मई को घर के बाहर से चोरी हो गई। इस मामले में धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच विश्वेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

हिरण मगरीः रात में वारदात हिरण मगरी थाना क्षेत्र में अनिल कुमार मीणा (22) की बाइक (RJ12 KU 4405) 4 मई की रात 12:30 बजे LIC बिल्डिंग के सामने रेती स्टैंड गली से चोरी हो गई। इस मामले की जांच उप निरीक्षक ईश्वरलाल कर रहे हैं।

बप्पा रावल नगरः मकान के बाहर से चोरी इसी थाना क्षेत्र में बप्पा रावल नगर निवासी नरेश माली (24) की मोटरसाइकिल (RJ30 SP 6078) 4 मई की रात मकान नंबर 2264 के बाहर से चोरी हो गई। इस मामले में जांच की जिम्मेदारी जीवननाथ को दी गई है।

### दिनदहाड़े भी नहीं सुरक्षित

चोरी की वारदातें अब सिर्फ रात तक सीमित नहीं रहीं। सेक्टर-3 लाइब्रेरी के पास दिनदहाड़े अजय खटीक (25) की बाइक (RJ27 BQ 2911) दोपहर 2 से 4 बजे के बीच चोरी हो गई। इस मामले की जांच मोहन सिंह को सौंपी गई है।

### बढ़ता खतरा, बढ़ती चिंता

लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने शहरवासियों में डर का माहौल बना दिया है। हर मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने और आरोपियों की तलाश की बात कर रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता सामने नहीं आई है।

## जानलेवा हमलाः घेरकर पीटा, प्रतापनगर थाने में मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में जान से मारने की नियत से मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी जितेंद्र भोई, पुत्र नारायणलाल, निवासी यूआईटी कॉलोनी, गारबा चौक (मादड़ी रोड) ने रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना 3 मई की रात करीब 11 बजे देबारी के सुखा नाका क्षेत्र में हुई।

रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी रंजीत कुमार, दीपक भोई, किशन गमेती, देवा गमेती सहित अन्य ने एकराय होकर प्रार्थी और उसके साथियों पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नियत से मारपीट की, जिससे पीड़ितों को चोटें आईं। जांच की जिम्मेदारी ASI देवीलाल को सौंपी गई है। पुलसि का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और घटना के सभी पहलुओं की जांच जारी है।

## सेंट्रल जेल में बवालः विचाराधीन बंदियों पर पत्थर से हमला, कई घायल

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर के केन्द्रीय कारागृह उदयपुर में बंदियों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। घटना में कई विचाराधीन बंदी घायल हो गए, जिनमें एक के सिर पर गंभीर चोट आई है। मामले के अनुसार जेल प्रहरी प्रवीण विश्नोई और बंशी लाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि 4 मई को सुबह करीब 8:45 बजे विचाराधीन बंदी रणजीत और भूताराम पर अन्य बंदियों ने हमला कर दिया। आरोप है कि असलम खान उर्फ तोता, अर्तिम जटिया, अयान खान, निसार खान, अवधेश, अभिषेक उर्फ अर्जुन, अर्जुन, तरुण यादव और प्रिंस शर्मा सहित अन्य ने मिलकर दोनों बंदियों के साथ मारपीट की। हमले के दौरान पत्थर से वार किया गया, जिससे एक बंदी के सिर पर गहरा घाव हो गया। इसके अलावा आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए हाथों से भी मारपीट की, जिससे शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। थानाधिकारी श्री रतनसिंह के निर्देश पर धारा 126(2), 115(2), 189(2), 190 और 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी उप निरीक्षक महेश चन्द्र को सौंपी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## भरोसे का सौदा पड़ा भारीः 230 ग्राम वजनी चांदी की चेन और ब्रेसलेट लेकर बेच दिए

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भूपालपुरा थाना क्षेत्र में भरोसे में लेकर जेवर हड़पने का मामला सामने आया है। पुरानी जान-पहचान का फायदा उठाकर आरोपी ने चांदी के जेवर लेकर बेच दिए। पुलिस के अनुसार प्रार्थी मुकेश जाटव, निवासी पालपुरा मोक्ष मार्ग रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी निखिल मेघवाल (निवासी सुंदरवास) ने सितंबर 2025 में भंगार के धंधे के लिए पैसों की जरूरत बताई। पुरानी पहचान और पारिवारिक संबंधों के चलते प्रार्थी ने विश्वास कर करीब 230 ग्राम वजनी चांदी की चेन और ब्रेसलेट उसे दे दिए। काफी समय बीतने के बाद जब प्रार्थी ने जेवर वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करता रहा। बाद में आमने-सामने मिलने पर आरोपी ने साफ कह दिया कि उसने चेन और ब्रेसलेट बेच दिए हैं। मामले में पुलिस ने धारा 316(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी ASI दिनेश कुमार को सौंपी गई है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## सुभाष नगर से स्कूटी चोरीः दिनदहाड़े वारदात, भूपालपुरा थाने में केस दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भूपालपुरा थाना क्षेत्र में स्कूटी चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर दिनदहाड़े वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार प्रार्थी वाहिद नूर कुरैशी (56), पुत्र मोहम्मद नूर, निवासी पहाड़ा (थाना सुखेर) ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 3 मई 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे सुभाष नगर क्षेत्र में खड़ी उनकी स्कूटी अज्ञात चोर चुराकर ले गया। मामले में पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी हैड कांस्टेबल गेमर लाल को सौंपी गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

# IVF सेंटरों पर सरकार सख्तः उदयपुर के दो सेंटरों का पंजीकरण निलंबित, जांच तेज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान में संचालित आईवीएफ सेंटरों में अनियमितताओं और अंडों की कथित अवैध खरीद-फरोख्त की शिकायतों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उदयपुर में जांच के दौरान गंभीर खामियां मिलने पर दो सेंटरों का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि हाल ही में उदयपुर जिले के आईवीएफ सेंटरों में अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके बाद राज्य स्तर पर एआरटी एवं सरोगेसी के राज्य नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। साथ ही उदयपुर जिले में पंजीकृत सभी आईवीएफ सेंटरों की जांच के लिए तीन अलग-अलग टीमों को तैनात कर औचक निरीक्षण करवाया गया।

### 28 IVF सेंटरों की हुई जांच

जांच टीमों ने उदयपुर जिले में संचालित कुल 28 आईवीएफ सेंटरों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में 2 मई 2026 को अमर आशीष हॉस्पिटल एवं IVF सेंटर का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान एआरटी बैंक, एआरटी क्लीनिक (लेवल-2) और सरोगेसी क्लीनिक से संबंधित दस्तावेजों में गंभीर अनियमितताएं और कमियां सामने आईं।

इसके बाद विभाग ने अमर आशीष हॉस्पिटल एवं IVF सेंटर के एआरटी बैंक, एआरटी क्लीनिक और सरोगेसी क्लीनिक का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके अलावा सम्पत एआरटी बैंक में भी निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाई गईं। विभाग ने उसके पंजीकरण को भी अगले आदेशों तक निलंबित कर दिया है।

### बाकी सेंटरों की जांच जारी

विभाग के अनुसार शेष IVF और ART सेंटरों के दस्तावेजों की जांच अभी जारी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अन्य संस्थानों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

### "किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं"

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि ART विनियमन अधिनियम 2021 और सरोगेसी विनियमन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य, महिलाओं के अधिकारों और चिकित्सा सेवाओं में पारदर्शिता बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य सेवाओं में जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में पंजीकृत सभी एआरटी बैंक, एआरटी क्लीनिक और सरोगेसी क्लीनिकों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमित गतिविधि सामने आने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# आंधी-बारिश से बदला उदयपुर का मौसम, कई इलाकों में बिजली गुल; गांवों में उपकरण जले, गाय की मौत




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। शाम से शुरू हुई बारिश देर रात तक जारी रही। तेज हवाओं और बिजली कड़कने के कारण जनजीवन प्रभावित रहा, जबकि कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। शाम करीब 5:30 बजे उदयपुर शहर में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई। इसके बाद अंधड़ और बारिश ने रफ्तार पकड़ ली। हवा की गति करीब 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जिससे सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया। कई लोग बारिश में भीगते हुए दोपहिया वाहनों से आते-जाते नजर आए।

### शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक असर

दोपहर 3 बजे बाद मौसम बदलना शुरू हुआ। पहले आसमान में घने बादलों ने डेरा डाला और फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश शुरू हो गई। बाद में शहर में भी तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। देबारी से डबोक के बीच उदयपुर-चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे पर शाम साढ़े चार बजे बहुत तेज बारिश हुई। वहीं मावली से डबोक तक भी कई जगह बारिश दर्ज की गई। बिजली व्यवस्था फिर हुई चरमराई बारिश और तेज हवाओं के चलते कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। लोगों का कहना है कि बारिश शुरू होने से पहले ही कई क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई थी। शहर में लगातार बिजली ट्रिपिंग और बार-बार कटौती से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और ज्यादा खराब रहे। मावली ब्लॉक में एक दिन पहले हुई बारिश और आंधी से बिजली के पोल और पेड़ तारों पर गिर गए, जिससे कई इलाकों में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। मावली स्कूल से लेकर नाथद्वारा रोड तक बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचा।

### तापमान में गिरावट, मौसम हुआ सुहाना

तेज आंधी और बारिश के कारण शहर के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 1.8 डिग्री गिरकर 37.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। हालांकि न्यूनतम तापमान बढ़कर 27 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस सीजन की सबसे गर्म रात रही।

# 'सुदर्शन चक्र-2' अभियान में बड़ी सफलताः संगठित अपराध का फरार हिस्ट्रीशीटर राहिल शेख गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। घंटाघर थाना पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश मोहम्मद राहिल शेख उर्फ बोहरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, गंभीर मारपीट, छेड़छाड़, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 24 मामले दर्ज हैं। यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "सुदर्शन चक्र-2" के तहत की गई। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा और नगर पश्चिम वृत्ताधिकारी राजेश यादव के सुपरविजन में घंटाघर थानाधिकारी कर्मवीर सिंह राठौड़ ने टीम के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया।

### मुखबिर की सूचना पर हुई गिरफ्तारी

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संगठित अपराध और आर्म्स एक्ट के मामलों में वांछित आरोपी शहर में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद राहिल शेख उर्फ बोहरा (27) पुत्र खलील अहमद शेख, निवासी कीकर गली, महावतवाड़ी, थाना घंटाघर, उदयपुर का रहने वाला है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था और शहर के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ कई गंभीर प्रकरण दर्ज हैं।

### हत्या के प्रयास से लेकर एनडीपीएस एक्ट तक मामले दर्ज

पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूटपाट, मारपीट, छेड़छाड़, अवैध हथियार रखने और मादक पदार्थ तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में कुल 24 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी से फिलहाल विस्तृत पूछताछ की जा रही है और उससे जुड़े अन्य मामलों की भी जांच जारी है।

### इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका

कार्रवाई में थानाधिकारी कर्मवीर सिंह राठौड़ के साथ सत्यपाल (हेड कांस्टेबल) और सोहन सिंह (कांस्टेबल ) की विशेष भूमिका रही।

# 'सुदर्शन चक्र-2' अभियान में सविना पुलिस की कार्रवाई, NDPS एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सविना थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "सुदर्शन चक्र-2" के तहत की गई। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा और नगर पूर्व वृत्ताधिकारी सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी गजवीर सिंह ने टीम के साथ यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार प्रकरण संख्या 419/25 में धारा 8/20 और 8/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित आरोपी मांगीलाल पुत्र मावा, निवासी खोडी पीपली टेकण, थाना कूण, जिला सलूम्बर लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आरोपी से पूछताछ जारी है और अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

### इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका

कार्रवाई में थानाधिकारी गजवीर सिंह के साथ विक्रम सिंह और राजेन्द्र प्रसाद की विशेष भूमिका रही।

# 'सुदर्शन चक्र-2' अभियान में बड़ी सफलताः 7 साल से फरार NDPS आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सविना थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक पुराने मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले 7 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "सुदर्शन चक्र-2" के तहत की गई। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा और नगर पूर्व वृत्ताधिकारी सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी गजवीर सिंह ने टीम के साथ यह कार्रवाई की।

NDPS एक्ट के मामले में था वांछित पुलिस के अनुसार आरोपी गणपत पुत्र शंकर, निवासी मन्थारिया, थाना निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, प्रकरण संख्या 274/19 में वांछित चल रहा था। उसके खिलाफ धारा 8/15, 8/25, 8/29 एनडीपीएस एक्ट तथा धारा 299 जाफौ के तहत मामला दर्ज था। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर सूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पूछताछ जारी

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है। मामले में अन्य कड़ियों और संभावित नेटवर्क को लेकर भी जांच की जा रही है। कार्रवाई में थानाधिकारी गजवीर सिंह के साथ लालसिंह राव और छगन लाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हेल्थ अवेयरनेस की नई पहलः पारस हेल्थ और JSG अरहम ने लोगों को दिया फिट रहने का मंत्र




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बढ़ती लाइफस्टाइल बीमारियों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी को देखते हुए Paras Health उदयपुर ने JSG अरहम के साथ मिलकर एक बड़ा हेल्थ अवेयरनेस सेशन आयोजित किया। कार्यक्रम Radisson Blu Palace Resort & Spa में हुआ, जिसमें 200 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लेकर विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी हासिल की। इस इंटरैक्टिव सत्र का उद्देश्य लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच करवाने के लिए प्रेरित करना और आधुनिक इलाज़ तकनीकों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोग अपनी सेहत को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे हृदय रोग, डायबिटीज़ और जोड़ों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

### भारत में कम उम्र में बढ़ रहे हार्ट रोग

पारस हेल्थ उदयपुर के कार्डियोलॉजी विभाग के HOD एवं डायरेक्टर डॉ. अमित खंडेलवाल ने कहा कि भारत में हृदय संबंधी बीमारियां पश्चिमी देशों की तुलना में लगभग 10 साल पहले देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि अब 30 से 40 वर्ष की उम्र के लोग भी गंभीर हार्ट समस्याओं का सामना कर रहे हैं। नियमित हेल्थ चेकअप, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़ और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इन बीमारियों को काफी हद तक रोका जा सकता है।

### रोबोटिक तकनीक से बदली ऑर्थोपेडिक सर्जरी

रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं ऑर्थोपेडिक्स के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आशीष सिंघल ने आधुनिक तकनीक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोबोटिक तकनीक ने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी को अधिक सटीक और प्रभावी बना दिया है। उन्होंने बताया कि समय पर इलाज नहीं करवाने से मरीजों की स्थिति और गंभीर हो जाती है। जल्दी जांच, सही इलाज योजना और जागरूकता से मरीज तेजी से रिकवर कर सकते हैं और बेहतर जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डॉक्टरों से सीधे संवाद कर क्रोनिक बीमारियों, लाइफस्टाइल सुधार और निवारक स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के व्यावहारिक सुझाव भी दिए। इस आयोजन को सफल बनाने में JSG "अरहम" की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में अध्यक्ष ओमप्रकाश पोरवाल, संस्थापक अध्यक्ष आलोक पगारिया और सचिव विनोद चंदालिया शामिल रहे।

# कुराबड़ पुलिस ने स्थायी वारंटी पकड़ा, बाघपुरा पुलिस ने तलवारबाज आरोपी दबोचा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "सुदर्शन चक्र-2" के तहत पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कुराबड़ थाना पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया, वहीं बाघपुरा थाना पुलिस ने राहगीरों को तलवार दिखाकर डराने-धमकाने वाले आरोपी को दबोचकर उसके कब्जे से तलवार बरामद की है।

7 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा और पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में कुराबड़ थानाधिकारी तेजु सिंह ने टीम के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी ललित पुत्र दौला, निवासी मंडाई, थाना कुराबड़, जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

### इन पुलिसकर्मियों की रही भूमिका

कार्रवाई में थानाधिकारी तेजु सिंह के साथ शांतिलाल, राजेन्द्र कुमार, भुराराम और माधु सिंह शामिल रहे।

राहगीरों को तलवार दिखाकर धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार

दूसरी कार्रवाई में बाघपुरा थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल और वृत्ताधिकारी विवेक सिंह के सुपरविजन में बाघपुरा थानाधिकारी वेलाराम ने टीम के साथ की। पुलिस ने आरोपी लोकेश पुत्र राजमल, निवासी जैकड़ा गवाड़ी फला, थाना बाघपुरा, जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तलवार बरामद की है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका कार्रवाई में थानाधिकारी वेलाराम के साथ प्रवीण कुमार, महेन्द्र सिंड, जीवतराम और अरविन्द की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।